
हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, सोमवार 7 अक्टूबर 2024



11 शीतला माता मंदिर में घी के 30 व तेल के 1672 ज्योति...



12 पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर लाखों...






## खबर संक्षेप

### विधायक आज नवरात्रि कार्यक्रम में शामिल होंगे

**छुईहा बेलर।** राजिम विधायक रोहित साहू शारदीय नवरात्र पक्ष के अवसर पर विभिन्न गांवों



सार्वजनिक एंव निज निवास में विराजमान दुर्गा प्रतिमा, शीलता मंदिर में जोत ज्वारा, घने जंगल में स्थापित देवी देवताओं के दर्शन पूजा आरती में 7 सितम्बर को शामिल होगे। विधायक मिडिया सचिव किशोर साहू ने बताया की 12 बजे मंदिर नवदुर्गा उत्सव कार्यक्रम चरौदा, 1 मां घंटारानी धाम दर्शन धसकुल, 2 बजे मां जतमई धाम दर्शन, 3 बजे सांकरा, 4 बजे गाड़ाघाट, 4 शीतला मंदिर भूमिपूजन एवं कार्यक्रम मां झरझरा धाम दर्शन, 6 बजे धुरसा, कार्यक्रम में शामिल होंगें।

### उधार के पैसे मांगने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना में उधार दिए पैसे को वापस मांगने गए एक शख्स से मारपीट किए जाने के मामले में रिपोर्ट दर्ज किया गया है। दुर्गेश गुप्ता वार्ड नं. 11 बजरंग चौक नयापारा ने पुलिस को बताया है कि वह मिठाई बनाने का काम करता है। करीबन 3 माह पूर्व आरोपी मनीराम निर्मलकर ने उसके पास से 20 हजार रुपए काम धंधा करने के नाम पर लिए थे। पैसा वापस मांगने पर आज कल दूंगा कहकर आनाकानी करता था। 5 अक्टूबर की शाम करीब 7 बजे मनीराम निर्मलकर ने उसे उधारी का पैसा वापस करूंगा कहकर अपने घर दलदली रोड महासमुंद बुलाया था, जब प्रार्थी उसके घर पहुंचा तो आरोपी नशे की हालत में था और उसने गाली गलौज करते हुए बार-बार पैसा मांग कर परेशान करता है कहकर लकड़े के डंडे से सिर में मारकर चोट पहुंचाया और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले में धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया है।

### ट्रांसफार्मर से भरे ट्रक में मिला 25 लाख से ज्यादा का गांजा

**महासमुंद।** ट्रक में ट्रांसफार्मर के नीचे गांजा की तस्करी करने के मामले में बागबाहरा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने ट्रक से 170.56 किलो गांजा कीमत 25 लाख 58 हजार 400 रुपए को जब्त किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर सूचना से मिलने पर कोमाखान बागबाहरा मुख्य मार्ग किनारे स्थित रामदेव राजस्थानी ढाबा के पास ट्रक वाहन क्रमांक आरजे 52 जीए 6933 की तलाशी की ली गई। तलाशी लेने के दौरान वाहन के पिछले हिस्से में लगे तिरपाल को हटाए जाने पर पुराने ट्रांसफार्मर के साथ 6 अलग-अलग सफेद रंग की बोरियों में छिपाकर रखे गये 170.56 किलो मादक पदार्थ गांजा कीमत 25,58,400 रुपए को बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गिरिराज रेगर पिता भैरू राम रेगर (27 साल) बिहाझर, थाना विराटनगर, जयपुर, राजस्थान का होना बताया।

### ट्रक की टक्कर से एक की मौत, 3 लोग घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 में ग्राम भूकेल के पास बाइक में सवार परिवार को ट्रक ने टक्कर मार दिया। घटना में बेटे की मौत हो गई, वहीं पति-पत्नी और बेटी घायल हो गए। घटना बसना थाना क्षेत्र के ग्राम भूकेल के पास की है। पुलिस ने एक्सीडेंट के इस मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 5 अक्टूबर को विपिन बेहरा अपनी पत्नी सविता बेहरा, बेटी नेहा और बेटे आशिक बेहरा के साथ अपनी मोटर सायकल क्र ओडी 17 सी 3706 से ग्राम अंसुला(सांकरा) से पैकिन जा रहे थे।

# निर्जन पहाड़ी पर विराजीं रमई माता निसंतान दंपतियों की भरती हैं झोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

विकास खण्ड छुरा के अंतिम छोर घाट खाल्हे में बसे अंचल के ग्राम सोरिद खुर्द से एक से दो किलोमीटर की दूरी पर निर्जन पहाड़ी प्राकृतिक झरना मनोरम दृश्य शील पर अदृश्य दिव्य स्वरुपी रमई पाठ धाम जहां दिन-दुखियों की मनोकामना माता रमई पाठ के आशीर्वाद से पूरी होती है। माता रमई पाठ धाम में 926 मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया गया है। रमई पाठ धाम ज्योति से जगमगाया माता रमई पाठ की मान्यता है कि रमई माता निःसंतान दम्पतियों की झोली भरती है। प्रदेश में ऐसे बहुत से ऐतिहासिक व प्राचीन स्थल हैं, जिनका वर्णन रामायण व महाभारत ग्रन्थ में मिलता है। उन्हीं में से एक स्थल प्रदेश के गरियाबंद जिले के सोरिदखुर्द ग्राम में स्थित रमई पाठ है। जहां पर भक्तों की हर मनोकामना माता पूरी कर देती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली भरती है। सोरिदखुर्द में स्थित रमई पाठ धाम कभी बियाबान रहा रमई पाठ अब धीरे- धीरे धार्मिक पर्यटन स्थल में परिवर्तित हो रहा है। मन्दिर के पुजारी ने बताया कि पूरी पहाड़ी में भले ही कहीं पानी न निकले, लेकिन इस धाम में आम के पेड़ की जड़ से हमेशा स्वच्छ, मीठा और निर्मल जल की धारा बहती है। यह धार नीचे कुछ दूर जाकर विलुप्त हो जाती है। बताया जाता है कि मंदिर परिसर में आम का सदियों पुराना पेड़ इस स्थल की चमत्कारिक शक्ति को प्रमाणित करता है। मंदिर में मौजूद हजारों सांकल इस बात प्रमाण भी है।

## रमई पाठ धाम 926 मनोकामना ज्योति कलश से जगमगाया



### संतान प्राप्ति के बाद लोग चढ़ाते हैं लोहे का सांकल

मंदिर के पुजारी ने बताया कि यहां पर नवरात्रि में माता को प्रसन्न करने के लिए भक्तों के द्वारा मनोकामना ज्योति जलाई जा रही है। और इसी मनोकामना से माता रमई पाठ धाम में इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर 926 ज्योति कलश स्थापना किया गया है। साथ ही यहां की मान्यता है कि इस मंदिर में माता अपने भक्तों की पूरी मनोकामना पूरी करती हैं। निःसंतान दम्पतियों की झोली में भी भरती देखी गई है। संतान प्राप्ति के बाद यहां लोग सांकल (लोहे की बनी चैन) चढ़ाते हैं। समिति के अध्यक्ष गेंदलाल ने बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर आज सोमवार 7 अक्टूबर को माता की पंचमी मनाया जाएगा माता का विषेश सिंगार किया जाएगा। साथ ही उपाध्यक्ष पुनारद निर्मलकर, जीवन साहू, विष्णु साहू, तिलकराम सिन्हा, मनीराम, रेवाराम, बलदाऊ, आशा, मधु, सन्तोष जो माता कि सेवा में हमेश निस्वार्थ भाव से माता की सेवा करते आ रहे हैं इसके साथ सभी श्रद्धालु भक्तों के लिए प्रतिदिन भोजन प्रसादी कराया जा रहा है। दूर दराज से सैकड़ों श्रद्धालु भक्त जन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं।

## समस्या : रावनाभाटा-टेंगना बासा के 4 किमी की सड़क पर लगभग 15 से 20 गड्ढे हुए

# रसेला मार्ग में जगह-जगह गड्ढे दुर्घटना को दे रहा न्योता, अधिकारी ने कहा- शीघ्र की जाएगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

रसेला मार्ग में लगभग 18 किलोमीटर में जगह-जगह गड्डे हो गया है। जिसमें दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों का चलाना कठिन हो गया है एवं दुर्घटना को आमंत्रण दे रहा है। नगर से रावनाभाटा, टेंगना बासा की दूरी लगभग 4 किलोमीटर है। जहां जाने पर लगभग 15 से 20 गड्डे हैं। रोड किनारे मिट्टी का कटाव एवं टेंगना बासा सड़क पर पानी भरे हुए मिल जाएगा, जिसमें आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो रही हैं। हर बारिश इस सड़क को नए बनाने की बात होती है लेकिन शासन द्वारा मरम्मत कर दिया जाता है और यह मरम्मत का कार्य लगभग 1 वर्ष भी ठीक से नहीं चलता और अगले वर्ष पूरा मरम्मत की आवश्यकता पड़ती है। मुख्यालय से रसेला की दूरी लगभग 18 किलोमीटर है जो रावना भाटा, टेंगना बासा, कन सिंघी होते हुए पहुंचती है। साथ ही साथ मार्ग पर छोटे पुल है जो बरसात आने पर पानी भर जाता है और आने जाने वालों को दिक्कत होती है। राबना भाटा के आसपास शोल्डर इतने कट गए हैं कि लोग आप अपने घरों के मिट्टी डालकर एवं घरों के टूटे ईंट डालकर शोल्डर को भर रहे हैं ताकि आसपास भरा रहे और किसी प्रकार की दुर्घटना ना हो।





### सड़क पर भरा पानी लोगों के लिए बना मुसीबत

इसी तरह ग्राम टेंगना बासा पंचायत से लेकर पानी टंकी तक देखने पर बड़े-बड़े गड्ढे हैं एवं सड़क पर पानी भरा हुआ है। जिससे डामर सड़क खराब हुआ है। विभाग द्वारा सड़क से पानी निकालने एवं शोल्डर मरम्मत के लिए कर्मचारी की व्यवस्था होती है लेकिन अभी तक के यह कार्य देखने को नहीं मिला है। इसी तरह आगे बढ़ते जाने पर सड़क में जगह-जगह गड्डे बने हुए हैं जिसे मरम्मत की आवश्यकता है।



### मरम्मत कराई जाएगी

सड़क काफी पुराना हो गई है। नए बनाने की जरुरत है। शासन द्वारा स्वीकृत होने पर नई सड़क का निर्माण किया जाएगा। विगत वर्ष मरम्मत का कार्य किया गया था इस वर्ष अभी किया जाएगा। शोल्डर और सड़क का पानी मजदूर भेज कर सुधार किया जाएगा।

**- केपी सकारिया**, उपयंत्री लोक निर्माण विभाग

# मजदूरों से भरा वाहन पलटा, एक की मौत दर्जनभर घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

टाटा एस वाहन ग्राम खोला से एक दर्जन से अधिक मजदूरो को लेकर नवा रायपुर ग्राम बंजारी जा रही थी इसी दौरान ग्राम थनौद के पास अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे एक मजदूर की मौत हो गई वही दर्जनभर चोटिल लोगो को अभनपुर सामुदायिक केन्द्र मे ईलाज के लिए भर्ती किया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलो को छुट्टी दे दी गई।

अभनपुर थाना से मिली जानकारी अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम खोला से नवा रायपुर मजदूर काम करने के लिए टाटाएस वाहन से जा रहे थे इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया सूचना मिलने पर घटना स्थल से गंभीर रूप से घायल लोगो को एबुंलेस 108 के माध्यम से अभनपुर सीएचसी लाया गया वही अत्यंत गंभीर घायल एक व्यक्ति को रावतपुरा अस्पताल ले जाया गया जहां उसी मौत हो गई मृतक ग्राम पोड़ निवासी तोमलाल साहू पिता अश्वनी साहू के रूप मे पहचान की गई है घायलो मे नरेन्द्र कुमार बघेल 42 वर्ष,श्रीमति चंन्द्रवती 50 वर्ष,जमुना सोनवानी 40 वर्ष,तुलसी बाई 35 वर्ष,श्रीमति रेखा बाई 25 वर्ष,श्रीमति चित्ररेखा 26 वर्ष,सविता टंडन 40 वर्ष,प्रियाशुं बघेल 18 वर्ष,सुनार कौशिक 50 वर्ष,हितेश कुर्रे 32 वर्ष,रूखमनी तारक 47 वर्ष,रूखमनी बाई सोनवानी 36 वर्ष,पूर्णिमा बघेल 36 वर्ष,मनोज ▶▶| शेष पेज 10 पर

# मुड़ागांव में दूध खरीदी केंद्र खोलने बनाई गई समिति



**मुड़ागांव(कोरासी)।** राज्य के उपभोक्ताओं को ताजा एवं सुरक्षित दूध उपलब्ध कराने। उद्यमिता के माध्यम से ग्रामीण रोजगार के अवसरों में वृद्धि व क्षेत्र की सतत विकास हो इसके लिए ग्राम पंचायत मुड़ागांव के सभी पशुपालक किसान की बैठक हुआ। इस दौरान पशुचिकित्सा अधिकारी रोहित साहू ने कहा कि दूध उत्पादन एक अच्छा और महत्वपूर्ण रोजगार है, यह गरीब ग्रामीण परिवारों के लिए आय का एक अच्छा स्रोत बनेगा। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ पशुचिकित्सा अधिकारी भूषण साहू, फील्ड अफसर रोहित ध्रुव व सभी पशुपालक किसान नंदू यादव, सुकालु, जगन, बुधराम, यादराम, मेघु, बुधराम यादव होमन यादव की उपस्थिति में एक समिति बनाया गया।जिसमें अध्यक्ष फनेश यादव, उपाध्यक्ष रेखराम ध्रुव, सचिव देवनारायण यादव, कोषाध्यक्ष ताम्रध्वज यादव को सर्व सहमति से चुना गया।

## बस्ती में दौड़ रहे रेत भरे हाईवा से हादसे का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के हथखोज घाट से बेतहाशा रेत भरकर तेज रफ्तार में रांवड़ गांव के बीच बस्ती से दौड़ रही हाइवा को लेकर ग्रामीण बहुत ज्यादा खफा है। ग्रामीणों का कहना है कि अभी दुर्गा उत्सव का पर्व चल रहा है। चौक-चौराहों में दुर्गा मां की प्रतिमा स्थापित की गई है। कार्यक्रम हो रहे है। लोगों का देर रात तक चहल-पहल है। छोटे-छोटे बच्चे बस्ती में बहुत उत्सुकता के साथ दुर्गा पंडालों में ईधर से उधर आना- जाना करते हैं। ऐसे में कभी भी दुर्घटना होने का अंदेशा बना हुआ है। चूंकि गांव की गलियां जहां से रोड गई है वह काफी संकरा है। रात में पचासो गाड़ियां रेत भरकर निकल रही है। इस पर रोक लगाने की मांग गांव के पूर्व सरपंच किसान डेरहु राम साहू सहित नागरिकों ने किया है। श्री साहू ने बताया कि उन्हें रेत घाट से कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन इस तरह से बीच बस्ती से होकर रफ्तार में हाइवा निकलने पर घोर आपत्ति है। किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो जाएगी तो इसके जिम्मेदार कौन होंगे? इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए है।

# बारिश नहीं होने से तापमान में बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

- सरना व एमटीयू वैराइटी धान को पानी की जरुरत, विदा होने को है मानसून

क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से बारिश बंद है, जिससे तापमान में बढ़ोतरी हुई है। जिससे गर्मी और उमस ने लोगों को बेहाल कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार इस वर्ष 20 के बाद ही मानसून की वापसी की संभावना है। अब बारिश की गतिविधियां धीरे-धीरे कम होती जाएगी। आसमान से बादल पूरी तरह नहीं छटेंगे, लेकिन मानसून अब विदा होने की राह पर है। इधर लेट वैराइटी के धान को ही दशहरा के आसपास एक बारिश की जरूरत है। इस बार दशहरा के बाद ही किसानों के घर अर्ली वैरायटी धान की फसलें पहुंचने लगेगी। इलाकों में धान की लहलहाती फसल खेतों में बाली अब झुककर पकने लगीं है। ऐसे में अक्टूबर के दूसरे सप्ताह के बाद फसल कटनी शुरू हो जाएगी। इस बार फसलों में कई प्रकार की बीमारी की शिकायत मिल रही है। किसान लोकराम यादव, नंदकिशोर यादव, बिगेन्द्र ठाकुर, नंदू दास मानिकपुरी, भावसिह मरकाम, देवलाल बारिक, रामायण ठाकुर, कमलेश्वर नायक, झवर अग्रवाल, नारायण सिंह ठाकुर, मकरम ठाकुर, भागवत सिन्हा, ठाकुर राम चन्द्राकार, तेजराम साहू, सुकालू राम आदि ने कहा कि अब महामाया, 1010 जैसी अर्ली वैरायटी की फसलों को पानी की जरूरत नहीं पड़ेगी, खेतों में भी पर्याप्त नमी बनी हुई है, सरना और एमटीयू, 1001 जैसे लेट वैरायटी के धान को दशहरे के आसपास एक पानी की जरूरत पड़ेगी। लोगों ने बताया कि शनिवार को दिन भर तेज़ धूप का प्रभाव बना लेकिन रात में तापमान में गिरावट के कारण शाम - सुबह ठंड का अहसास होने लगा और रात में ओस गिरा है।



## राजिम में दशहरा उत्सव की तैयारी जोरों पर

# वर्षों से एक ही जगह पर दशहरा उत्सव का होता है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम मुख्यालय में सैकड़ो वर्षों से पारंपरिक दशहरा उत्सव का आयोजन श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी द्वारा आयोजित किया जाता है। यहां की दशहरा उत्सव में खास बात यह है कि यहां रावण का दहन नहीं अपितु वध किया जाता है। यहां का दशहरा मैदान दक्षिण दिशा में स्थित है और भगवान श्री राजीव लोचन जी की श्री राम स्वरूप डोला दशहरा मैदान में पहुंचता है। श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के प्रमुख सदस्य एवं पुजारी समिति के सभी सदस्य एवं राजपूत परिवार के सभी सदस्य सज धज कर डोला के पीछे-पीछे चलते हैं। दशहरा मैदान में डोला पहुंचने के उपरांत यहां पारंपरिक रूप से रोचक एवं भावपूर्ण अंगद-रावण संवाद होता है। संवाद समाप्ति के पश्चात भगवान श्री राम जी के प्रतिनिधि के रूप में ट्रस्ट के सर्वराकार द्वारा विशालकाय रावण के नाभि में तीर मारकर वध किया जाता है। 12 अक्टूबर शनिवार को दशहरा पर्व के अवसर पर दशहरा मैदान में रामलीला का भव्य आयोजन होगा एवं शानदार आतिशबाजी होगी। रविवार को दशहरा मैदान का जायजा लेने श्री राजीव लोचन ट्रस्ट कमेटी के सर्वराकर राजू ठाकुर, जनपद के पूर्व अध्यक्ष ट्रस्ट सदस्य राघोबा महाड़िक, ट्रस्ट कमेटी के प्रबंधक पुरुषोत्तम मिश्रा, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता जितेंद्र सोनकर, सामाजिक नेता लाला साहू, पुजारी समिति के प्रमुख सदस्य शिवकुमार सिंह ठाकुर, बल्लू सिंह ठाकुर, आचार्य विजय शर्मा, किसान सेवा समिति के उपाध्यक्ष विकास तिवारी, अशोक श्रीवास्तव, सुनील देवांगन, घनश्याम साहू, सनत ठाकुर, फागुराम निषाद, नंदन पटेल, पार्षद अरविंद यदु पहुंचे। यहां का दशहरा उत्सव की खास बात यह भी है कि रावण वध के पश्चात घर पहुंचने पर उत्सव में शामिल होने वाले बालक-बालिका एवं पुरुषों का हर घर में आरती उतारकर पूजा अर्चना की जाती है। मालूम हो कि दशहरा उत्सव में पूरे शहर के लोग बड़ी संख्या में शामिल होते है एवं एक दूसरे को सोनपत्ती भेंट कर बधाई देते है।



### मां शारदा मंदिर में लग रही श्रद्धालुओं की भीड़

**महासमुंद।** मां शारदा मंदिर तुमगांव रोड में नवरात्रि का पावन पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस वर्ष यहां 161 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। शारदा मंदिर के आचार्य श्रवण शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष शारदा मंदिर में काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। साथ में नित प्रतिदिन भजन संध्या का आयोजन हो रहा है। रोज मां का दिव्य श्रृंगार किया जाता है। जिसके दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही है।



**पाठक सूचना**

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468


## गरियाबंद में नवरात्रि की धूम


गरियाबंद। श्री सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति (संतोषी मंदिर वार्ड नंबर 03)


गरियाबंद। नव दुर्गा उत्सव समिति (गांधी मैदान)


गरियाबंद। बाल अविनाश दुर्गा उत्सव समिति पुरानी बस्ती ( मजरकट्टा)


गरियाबंद। नव दुर्गा उत्सव समिति (शिक्षक नगर आमदी, म)


गरियाबंद। नवोदय सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति (नवोदय चौक, शिक्षक नगर आमदी, म)


गरियाबंद। नव युवक दुर्गा उत्सव समिति बरगद चौक (मजरकट्टा)


गरियाबंद। प्रिंस क्लब दुर्गा उत्सव समिति सिविल लाइन


गरियाबंद। नव युवक दुर्गा उत्सव समिति गजानंद चौक रावनभाटा

# किताब घोटाले में कांग्रेस की जांच समिति ने जिला अध्यक्षों से मंगाई जानकारी

## डीईओ और बीईओ कार्यालय को वितरण के लिए दी गई किताबों में कितनी हुई डंप

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हुए डेढ़ सौ करोड़ से भी ऊपर के किताब महाघोटाले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बनाई गई जांच समिति के निर्णय अनुसार छत्तीसगढ़ अंतर्गत सभी जिलों में शासकीय किताबों की जानकारी शीघ्र उपलब्ध कराने कांग्रेस जिला अध्यक्षों को पत्र जारी किया गया है। मामले में सात जिलों की पुस्तकों को रद्दी में बेचे जाने का मामला प्रकाश में आने के बाद कांग्रेस सभी जिलों की जानकारी मंगा रही है।

कांग्रेस जांच समिति की बैठक में अब तक मामले की गई कार्रवाई पर चर्चा की गई। वहीं रायपुर जिले में कई स्कूलों में डंप पुस्तकों की जानकारी सामने आने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों को पत्र लिखकर जानकारी मांगने का निर्णय लिया गया। उनसे यह जानकारी मांगी गई है कि जिला एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के कार्यालयों में वितरण हेतु कितनी शासकीय किताबें आयीं, कितनी आवंटन हुई और कितनी शेष बची हैं। अध्यक्षों को जिले के समस्त स्कूलों में व्यक्तिगत रूप से जाकर भी जानकारी उपलब्ध करने कहा गया है। बच्चों को पुस्तकों का वितरण हुआ है या नहीं और कहीं पुस्तकें डंप करके तो रखी नहीं गई हैं। पूरी जानकारी छत्तीसगढ़ किताब घोटाले की जांच समिति को पत्र के माध्यम से शीघ्र अतिशीघ्र अवगत कराने कहा गया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ प्रदेश को कलंकित करने वाले इस महाघोटाले के दोषियों के ऊपर जब तक कार्यवाही नहीं हो जाती तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी। कांग्रेस इस लड़ाई को चरणबद्ध तरीके से जारी रखेगी। जांच समिति में पूर्व राज्य सभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, श्रीकुमार मेनन, उधोराम वर्मा और पप्पू बंजारे को रखा गया है।



### एसीएस रेणु पिल्ले से करेंगे मुलाकात

पुस्तक घोटाले के मामले में शासकीय जांच समिति की जांच पर संदेह जताते हुए कांग्रेस की जांच समिति ने तय किया है कि मामले में संलिप्त लोगों को हटाने की मांग को लेकर एसीएस रेणु पिल्ले से मिलेंगे। उनसे मिलकर समिति पाठ्यपुस्तक माफिया के बारे में श्वेतपत्र जारी करने, पाठ्यपुस्तक छपाई पर नई नीति बनाने की मांग, पाठ्यपुस्तक का छपाई भंडारण वितरण एवं प्राप्ति के समय दस्तावेज उपलब्ध कराने की मांग करेंगे। समिति का आरोप है कि सभी जिलों में 5 से 10 करोड़ की किताबों को डंप की गई हैं। पाठ्यपुस्तक निगम के गोदाम से करीब 2 लाख की किताबें अगस्त माह में ही कबाड़ियों को बेची गई थीं।

## खबर संक्षेप

### लैलूंगा नगर पंचायत सीईओ निलंबित

**रायपुर।** नगरीय प्रशासन विभाग ने लैलूंगा नगर पंचायत की सीईओ ममता चौधरी को निलंबित कर दिया है। उन पर यह कार्रवाई 2016-17 में डस्टबिन खरीदी में की गई अनियमितता के पुराने मामले में की गई है। मामले की जांच में उन पर लगा आरोप प्रमाणित पाया गया। उनसे 6 लाख 15 हजार 751 रुपए की आर्थिक क्षति की वसूली का निर्णय भी लिया गया है। उनकी दो वेतन वृद्धि भी रोकने का आदेश दिया गया था। इस आदेश की अवहेलना करते हुए मार्च 2024 से जुलाई 2024 तक पूरा वेतन आहरण किया गया। हाल ही में नगरीय पंचायतों की समीक्षा बैठक में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आने के बाद निलंबन कर उन्हें संयुक्त संचालक कार्यालय बिलासपुर में अटैच किया गया है।

### डब्ल्यूआरएस अस्पताल के स्टाफ का किया सम्मान




**रायपुर।** विश्व मानवाधिकार परिषद छत्तीसगढ़ द्वारा डब्ल्यूआरएस अस्पताल के डॉक्टर्स एवं स्टॉफ का सम्मान किया गया। सीएमओ ने डॉ. मल्लेश, डॉ. युसूफ, डॉ. अवंति, डॉ. हेमंती के साथ नर्स और अन्य स्टॉफ को सम्मानित किया। इस अवसर पर मरीजों को जीवनरक्षक दवाएं, भोजन और पानी का वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अरुणा एवं अन्नू साहू ने किया। इस कार्यक्रम में परिषद के प्रदेश अध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष सुशील झा, जिला अध्यक्ष ऋषभ शर्मा, डॉ. गीतिका, रूपेश एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### धूमधाम से मनाई महात्मा गांधी जयंती



**रायपुर।** सामाजिक संस्था नशामुक्ति महाभियान समिति द्वारा विगत 2 जुलाई 2023 से रायपुर राजधानी में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोटा स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में बुधवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नशामुक्ति अभियान भी चलाया गया।

### वर्सी महोत्सव में पहुंचे संत-महंत सीएम साय को भी आमंत्रण

**रायपुर।** देवपुरी स्थित गोदड़ीवाला धाम में संत बाबा हरदास राम साहेब का 33वें वर्सी महोत्सव में देशभर के तमाम धर्मस्थलों से संत, महंत, साधु शामिल होने पहुंचे हैं। वर्सी

## पेज 9 के शेष...

### मजदूरों से भरा...

पाल 36 वर्ष ये सभी ग्राम खोला पोड़ के निवासी है। अभनपुर टीआई सिद्धेश्वर प्रताप सिंह ने घटना के संबंध मे जानकारी लेने पर उन्होने बताया कि चालक अत्यधिक गति से वाहन को चला रहा था स्पीड अधिक होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमे सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई है बाकि लोगो को भी चोटे आई है वाहन चालक मौके से फरार हो गया था उक्त घटना के मामले मे अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया है।

# 3000 किलो बिकेगा सोना, त्योहारी सीजन में सराफा बाजार में बरसेंगे 3000 करोड़

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

नवरात्रि के साथ ही त्योहारी सीजन का आगाज हो गया है। सराफा बाजार में इस समय जमकर लक्ष्मी की कृपा बरस रही है। वैसे इस बार तो पितृपक्ष में भी सराफा बाजार गुलजार रहा है, क्योंकि सोने और चांदी की लगातार बढ़ रही कीमतों के कारण ग्राहक कोई मौका नहीं गंवाना चाहते। जिसको जब मौका मिल रहा है, खरीदारी कर रहा है। इस बार नवरात्रि से लेकर दीपावली तक 3000 किलो सोना बिकने की संभावना है। सोने और चांदी का तीन हजार करोड़ का कारोबार होगा। ऐसे में चांदी भी थोक में हजारों किलो बिकेगी। चांदी की कीमत कम होने के कारण इसका कारोबार कम होता है।

- **चांदी की भी होगी जमकर खरीदारी, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस पर ही होगा 15 सौ करोड़ का कारोबार**

सोने और चांदी की कीमत लगातार बढ़ रही है। इस समय सोना जहां 80 हजारी बनने की राह पर है, वहीं चांदी लखपति बनने बेकरार है। संभावना है कि पुष्य नक्षत्र से पहले सोने की कीमत 80 हजार और चांदी की एक लाख हो सकती है। वैसे इस समय कम से कम सोने की कीमत तो रिकॉर्डतोड़ चल रही है। पहली बार सोना 78 हजार के पार गया है। जहां तक चांदी का सवाल है तो चांदी की कीमत एक बार 97 हजार के पार जा चुकी है। चांदी अभी अपने पुराने रिकॉर्ड को पार नहीं कर सकी है।



### तीन हजार करोड़ के कारोबार की संभावना

इस बार त्योहारी सीजन में दीपावली तक छत्तीसगढ़ में तीन हजार करोड़ के कारोबार का अनुमान है। सोने की बढ़ती कीमत के कारण निवेशक भी लगातार खरीदारी कर रहे हैं। - *कमल सोनी, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन*

### यह है तीन टन सोना बिकने का गणित

सोने की कीमत इस समय 78 हजार रुपए दस ग्राम है। यह कीमत अगर 80 हजार तक गई तो कीमत 80 लाख रुपए किलो हो जाएगी।इस कीमत से हिसाब लगाया जाए तो दीपावली तक सोना तीन हजार किलो, यानी तीस क्विंटल मतलब तीन टन बिकेगा, क्योंकि कारोबारी दीपावली तक तीन हजार करोड़ के कारोबार की उम्मीद लगा रहे हैं। ऐसे में 80 लाख के हिसाब से 3000 किलो सोने की कीमत 24 सौ करोड़ होती है। इतने का सोना आराम से बिकेगा, संभावना इससे ज्यादा के बिकने की है, क्योंकि तीन हजार करोड़ की खरीदारी में चांदी की खरीदारी ज्यादा नहीं होगी। वैसे निवेशक रोज पांच करोड़ का निवेश जरूर चांदी में भी करते हैं। इसी के साथ चांदी के बर्तन, जेवर भी बिकते हैं। चांदी कारोबारी लक्ष्मी नारायण लाहोटी के मुताबिक सीजन में चांदी की बिक्री पांच सौ करोड़ के आस-पास होगी।

### पुष्य नक्षत्र और धनतेरस पर होगी ज्यादा खरीदारी

यूं तो छत्तीसगढ़ में सराफा बाजार में 50 से 60 करोड़ का कारोबार रोज होता है। इसमें से 50 फीसदी कारोबार निवेशकों का है। निवेशक 20 से 25 करोड़ का सोना खरीदते हैं। रोज की बिक्री ही करीब एक माह में 15 सौ करोड़ से ज्यादा की हो जाती है। बाकी की 15 सौ करोड़ की बिक्री का अनुमान पुष्य नक्षत्र और धनतेरस का है। इन दोनों दिनों में प्रदेश में आसानी से 15 सौ करोड़ का कारोबार हो जाता है। बीते साल भी इतने का कारोबार हुआ था। इस बार इससे ज्यादा कारोबार हो सकता है, सोने की बढ़ती कीमत के कारण शादियों के लिए भी अभी से जमकर खरीदारी हो रही है।

# इंडिगो का सर्वर डाउन, एयरपोर्ट पर मामूली असर, मैनुअली हुआ काम




हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

इंडिगो एयरलाइंस का सर्वर डाउन होने की वजह से शनिवार को देशभर में हवाई यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। चेक इन की प्रक्रिया मैनुअली होने की वजह से विमानतल पर यात्रियों की भीड़ लगी। दोपहर साढ़े 12 बजे शुरू हुई परेशानी शाम साढ़े छह बजे के बाद सुधरी। सर्वर की परेशानी का असर उड़ान पर भी नजर आया।

सिस्टम में आई खराबी का बड़ा असर रायपुर विमानतल पर इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि दोपहर में यहां विमानों की आवाजाही कम होती है। एक-दो फ्लाइट यहां पहुंची, जिसके यात्रियों को चेक इन की प्रक्रिया ऑफलाइन तरीके से पूरी करनी पड़ी। इसके साथ ही बोर्डिंग के लिए भी थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी। इस दौरान यात्रियों की भीड़ नजर आई। शाम होने के बाद जब यहां यात्रियों की संख्या अधिक होती है, उस दौरान सर्वर की परेशानी में सुधार हो गया था। जानकार लोगों का कहना है कि इस परेशानी ने उन एयरपोर्ट के यात्रियों को ज्यादा जूझना पड़ा, जहां बड़ी संख्या में फ्लाइट की आवाजाही होती है। दिल्ली, मुंबई जैसे शहरों के एयरपोर्ट पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी रहीं।

# वन एवं वन्यप्राणियों के बिना पृथ्वी पर मानव का जीवन असंभव है : मांझी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के अंतर्गत ग्राम कोयबा इकोसेंटर में रविवार को वन्य प्राणी संरक्षण संवर्धन सप्ताह के तहत उदंती सीतानदी टाईगर द्वारा कार्यकम्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरूण जैन विशेष रूप से उपस्थि थे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं द्वारा वन्य प्राणियों के सुरक्षा को लेकर सांस्कुतिक एवं नाटक पेश किया गया जिसमें 13 विभिन्न स्कूलों के बच्चों को आमंत्रित कर वन्य जीवों के बारे में प्रश्न पूछे गए तथा उनके जवाब से संतुष्ट होने पर उन्हें पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन की प्रमुख भूमिका रही साथ ही टाइगर के संचालक गोपाल कश्यप, वनपरिक्षेत्र अधिकारी देवनारायण सोनी, राकेश परिहार ,अमर सिंह ठाकुर श्रीमती मेश्राम आदि अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




उदंती सीतानदी टाइगर रिवर्ज के तत्वाधान में वन्य प्राणी सुरक्षा संरक्षण संवर्धन सप्ताह के अंतर्गत 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक वन्य जीव संरक्षण सप्ताह मनाया जा रहा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोयबा सेंटर के अंतर्गत आज 13 स्कूलों के विभिन्न बच्चों को के द्वारा वन विभाग के द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण संवर्धन के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। जिसमें प्रमुख रूप से वन्य जीवों को लेकर प्रश्नोत्तरी वन्य जीवों के के आदत व्यवहार उनके संरक्षण संवर्धन हेतु क्या उपाय किए जा सकते हैं इस पर विस्तृत चर्चा की गई इस अवसर पर बच्चों के द्वारा वन्य जीवों को लेकर बनाई गई पेंटिंग रंगोली पोस्टर बैनर की प्रदर्शनी भी की गई साथ ही बीते एक सप्ताह से विभिन्न स्कूलों में आयोजित वन्य जीवों को लेकर की जा रही प्रतियोगिता में विजय बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बीते एक सप्ताह से कार्यक्रम को सफल बनाने लगातार प्रयासरत थे और आज उनका यह प्रयास व्यापक रूप से सफल होते भी नजर आया जहां बच्चों ने अनेक वन्य जीवों के सवाल पर समुचित एवं रोचक जवाब दिए वहीं एक महत्वपूर्ण बात यह भी देखने को मिली कि बच्चों में वन्य जीवों के प्रति व्यापक उत्साह है वे वन्य जीवों के आदत व्यवहार उनके संबंध में जानने के लिए जागरूक नजर आये इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने कहा निश्चित रूप से जंगल है तब तक आदिवासी सुरक्षित हैं। आज इन्हीं जंगलों के भरोसे आदिवासी अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर रहा है यहां के तेंदूपत्ता, बाय बिल्डिंग, चार महुआ वनोपज के बदौलत हमारी आर्थिक स्थिति मजबूत है वन्य जीव हमारे जीवन का हिस्सा है हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए बिना वन्य जीव के मानव जीवन की कल्पना करना जंगलों में संभव नहीं है।

### जंगल बचेंगे तो वन्य जीव भी बचेगा

टाइगर रिवर्ज के अधिकारी वरुण जैन ने कहा कि बिना वन्य जीव की मानव की कल्पना करना व्यर्थ है हमें चाहिए कि हम जंगलों का बचाव करें ,जंगल बचेंगे तो वन्य जीव भी बचेंगे अवैध शिकार पर अंकुश लगाना उनके प्रमुख उद्धेश्य है और वह लगातार प्रयास कर रहे हैं लोगों को जागरुक भी कर रहे हैं और उन्हें इसमें काफी सफलता भी मिल रही है उन्हें यहां के जनप्रतिनिधि और आम जनों के सहयोग की जरूरत है उन्होंने बच्चों के साथ क्षेत्र वासियों से भी अपेक्षा की कि उन्हें पर्याप्त सहयोग प्रदान कर साथ ही वन्य जीवों की सुरक्षा करें। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैनपुर, कन्या हाई स्कूल मैनपुर, स्वामी आत्मानंद इंगलिस मिडियम स्कूल,डीएवी मैनपुर,कस्तुरबा गांवधी, तारेंगा, अमाड़ शोभा, गरहाडीह, इंदागांव के हायर सेकेण्डरी एवं हाई स्कूल के बच्चों का वन जीव संबंधित चित्रकला का आयोजन किया गया। इन बच्चों को आज पुरस्कार एवं प्रसस्ती प्रत्र प्रदान किया गया। इसके अलावा अच्छे कार्य करने वाले हाथी मित्रदल ट्रेकर, पेट्रोलिंग श्रमिको को रेनकोर्ट, जूता, टार्च का वितरण किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में छात्र–छात्राएं ग्रामीण जन पंचायत प्रतिनिधी शामिल हुए।

शोक-पत्र

जन्म 01/01/1966



निर्वाण 03/10/2024

स्व. तुलस राम साहू


विधि के विधान को शिरोधार्य करते हुए अश्रुपूरित भाव के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुज्य पति श्री तुलस राम साहू का आकस्मिक निधन दिनोंक-03-30-2024 दिज-गुरुवार, को हो गया है। अतः निम्न कार्यक्रम में आप सहपरिवार पधारकर ब्रम्हलीन आत्मा को श्रद्धांजलि, पुष्पांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।

–:: कार्यक्रम ::–
दशगात्र- 07/10/2024, सोमवार,
स्थान : ग्राम-फूलझर (फिंगेश्वर)
तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे...

शोकाकुल परिवार :-
भगवानी, नारद, सहदेव, उजियार, झंगल, थनेश, सुभाष, हरिशंकर, बिट्टू, सोनू, पिताम्बर, अलेन
एवं समस्त साहू परिवार ।

:: विनीत ::
श्रीमति कृष्णा बाई साहू (पत्नि)
श्री रीखभ कुमार साहू (पुत्र)
श्रीमति ललिता साहू (पुत्रवधू)
ग्राम - फूलझर (फिंगेश्वर) मो. 99815 61455

## पुरेना बिनौरी में दुर्गोत्सव की धूम



छुईहा बेलर। पनिहारिन चौक पुरेना


छुईहा बेलर। टिकरा पारा स्कूल चौक पुरेना



छुईहा बेलर। बाजार चौक बिनौरी


छुईहा बेलर। धारण देव स्थल बिनौरी

## विविध रुपों में विराजी मां दुर्गा


गरियाबंद। पुरानी बस्ती बजरंग चौक


गरियाबंद। नव दुर्गा उत्सव समिति


गरियाबंद। श्री नव दुर्गा उत्सव समिति


सार्वजनिक नव दुर्गा उत्सव समिति डाकबंगला


गरियाबंद। पुरानी बस्ती यादव पारा (गोकुल ग्रुप)


**गरियाबंद।** राधा कृष्ण मां दुर्गा उत्सव समिति कुम्हार पारा

**आस्था :** साउथ कोरिया, विशाखापट्टनम, छिंदवाड़ा व बिहार के श्रद्धालुओं ने ज्योत जलाए


# शीतला माता मंदिर में घी के 30 व तेल के 1672 ज्योति कलश स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

नगर के प्रसिद्ध शीतला माता मंदिर में प्रतिवर्ष के भांति इस वर्ष सभी कुंवार नवरात्रि में ज्योति कलश की स्थापना किया गया है। इस वर्ष घी ज्योति 30 एवं तेल ज्योति 1672 कलश श्रद्धालुओं के नाम पर की किया गया है। इस बार अनेक राज्यों से श्रद्धालुओ ने ज्योति जलाई है जिसमें विदेश से साउथ कोरिया, विशाखापट्टनम, छिंदवाड़ा मध्य प्रदेश, सोनपुर बिहार, इंदौर मध्य प्रदेश, अहमदाबाद गुजरात, तेलंगाना, बस्तर, बिजापुर, नरहरपुर कांकेर, बिलासपुर, राजनांदगांव, दुर्ग, भिलाई, अंबागढ़ चौक, पदमपुर उड़ीसा, संबलपुर, खरियार रोड , तालपानी उड़िसा, बागबाहरा, पिथौरा, बसना, महासमुंद, आरंग, मंदिर हसौद, रायपुर, राजिम, नावापारा, अमली पदर, गरियाबंद मगररोड, धमतरी, फिंगेश्वर, पांडुका, छुरा से श्रद्धालुओं ने आस्था रखी है। सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति द्वारा माता शीतला मंदिर को सजावट किया गया है। विद्युत बल्ब की रोशनी से मंदिर जगमगा रहा है सभी श्रद्धालुओं को अवगत करा चुका की पंचमी सिंगार 7 अक्टूबर को एवं महा महाष्टमी हवन 11 अक्टूबर को तथा कन्या भोज जवांरा विसर्जन महानवमी 12 अक्टूबर को होगा, प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे एवं संध्या 6:00 बजे पूजन एव आरती संगीत में किया जा रहा है। सेवा भजन सेवकों द्वारा किया जा रहा है। राजा यशपेंद्र शाह, मंदिर समिति अध्यक्ष ओंकार शाह, सचिव वीरेंद्र पांडेय, कोषाध्यक्ष ललित मेहता सहित सदस्यगण सेवक पांडेय, होमन सोनी, रंजन ध्रुव, मितेश दीक्षित, संतराम निर्मलकर, बाजारु राम निषाद, गणेशुराम साहू, माधव राम, कुलेश्वर ठाकुर, कोमल सोनी, धनेश साहू, ज्योति कक्षाओं में सेवा दल की व्यवस्था किया गया है दिन और रात के लिए जिसमें प्रमुख रूप से कुलेश्वर ठाकुर, राजा, घनश्याम लुकेश्वरी, कुमार यादव, पुरुषोत्तम, चिंताराम, दुखुरम सेन , कुमार सिंहा, कौशल यादव, उत्तम, संतराम व गणेशुराम लगे हुए हैं।







## देवरी के शीतला मंदिर में जले आस्था के ज्योत



**छुरा।** ग्राम गोनाबोरा ग्राम पंचायत देवरी के शीतला मंदिर में नवरात्रि ज्योत प्रज्ज्वलित किया गया है। आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष नीलकंठ सिंह ठाकुर ने क्षेत्रवासियों के लिए मंगल कामनाएं की। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता झालेंद्र सिन्हा, कमल, बैगा लाखन कमार, सलाहकार बलिराम, हिरऊ राम, इतवारी राम, मोती राम, हेमसिंह कमार, सहयोगी बैगा कुणाल नेराम राजपूत, उप पुजारी कार्तिक राम, अंगद राम, लाखन ध्रुव अमर सिंह, अध्यक्ष कमल नारायण, संरक्षक संत कुमार नागेश, उपाध्याय राधेलाल दीवान, कोषाध्यक्ष मनोज ठाकुर, सचिव पुनितराम प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### पसौद में दुर्गोत्सव पर्व की धूम




**राजिम।** पसौद नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में नवरात्रि के पावन पर्व पर महावीर चौक में मां दुर्गा की बहुत सुंदर प्रतिमा स्थापना कर ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किया गया है। चौक में मंगलवार को नवा सुरूज मानस जगराता, बुधवार को संगम रामधुनी मानस पारिवार छिपली का कार्यक्रम, गुरुवार को जय छग बालक रामधुनी मण्डली देवरी-भखारा व शुक्रवार को जय शिवशंकर झांकी का कार्यक्रम है। समिति के संरक्षक लिलेश्वर साहू, ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष दुर्गेश साहू, उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सुन्दर ,संजय सिंह, प्रवीण कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हुए है।

# किसान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने बैज व पूर्व सीएम बघेल से मुलाकात की





**छुरा।** किसान कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने 4 अक्टूबर को अपने नियुक्ति के पश्चात कहा कि उन्हें जो भी जिम्मेदारी प्रदान किया गया है उसे पूरी ईमानदारी से निर्वहन करते हुए प्रदेश में किसानों के हित में लगातार कार्य किया जाएगा। साथ ही साथ पार्टी के वरिष्ठ लोगों के मार्गदर्शन में किसानों के लिए आंदोलन भी किया जाएगा। उन्होंने पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, विधानसभा नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टीइस सिंहदेव, पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह भगत, संचार विभाग के सुशील आनन्द शुक्ल सहित पार्टी कार्यालय पहुंचकर विभिन्न लोगों से मुलाकात की और अपनी नियुक्ति के लिए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ में राजेश जैन, दीपक पाण्डे, हरि शंकर बंछोर, जगेन्द्र पाण्डे, नवीन श्रीवास्तव , राजेश पाण्डेय, शिव बधेल, सौरभ सींग, कश्यप उपस्थित थे।



### धूमधाम से हो रही मां दुर्गा की पूजा

**नवापारा-राजिम।** शहर के वार्ड नं 2 खोलीपारा में नवशक्ति दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कराया गया है। यह जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष संजय साहू ने बताया कि सुबह-शाम माता जी की पूजा में मुहल्ले के लोग बड़े श्रद्धा भक्ति से शामिल हो रहे है। शाम की आरती में मातृशक्तियां बड़ी संख्या में शामिल होती है। पूरा वातावरण धर्ममय है।



### नहर प्रभावित किसानों ने विधायक से मुलाकात की

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम रानीपरतेवा के किसानों ने राजिम विधायक रोहित साहू से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई। विदित है कि पीपरछेड़ी बांध से नहर लाइन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है जिसमें ग्राम रानीपरतेवा में भी नहर लाइन बनना प्रस्तावित है जिसके तहत विभाग के अधिकारियों के द्वारा 3 बार सर्वे किया गया लेकिन किसानों का कहना है कि उनका पूरा एरिया सिंचित है और उन लोगों ने विभाग में कई बार आवेदन लगाके आपत्ति भी दर्ज कराई थी और मुआवजा राशि भी नहीं लिया गया था, परंतु विभाग द्वारा भू अर्जन के नाम से किसानों का रकबा बिना किसानों के सहमति के काट दिया है,और विभाग का 3 बार सर्वे करना भी समझ से परे हैं। अतः इस नहर लाइनिंग के विरोध में ग्राम के किसानों ने युवा भाजपा नेता पंकज निर्मलकर के नेतृत्व में विधायक श्री रोहित साहू के समक्ष अपनी समस्या रखी, जिस पर राजिम विधायक ने तुरंत एक्शन लेते हुए ईई जल संसाधन विभाग को तुरंत कार्यवाही के लिए कहा। विधायक से मुलाकात करने वाले में सोमन यदु, धर्मेंद्र यदु, घनश्याम साहू, लेख साहू, चेतन यादव, गोवर्धन यादव, वीरेंद्र यादव, सूरज यदु एवं और किसान उपस्थित थे।

### ब्लेलॉक में एक दिवसीय गरबा का आयोजन

**महासमुंद।** शहर के ब्लेलॉक शाला प्रांगण में 05 अक्टूबर एक दिवसीय गरबा का आयोजन किया गया। गरबा का प्रारंभ कलश स्थापित कर दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। बच्चों व शिक्षकों द्वारा विभिन्न गीतों में मनमोहक नृत्य किया गया। शाला प्रांगण में गरबा के आयोजन से वातावरण अत्यंत संगीतमय हो गया था।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756 , 9303508130



## नवापारा-राजिम में विराजी मां दुर्गा









नवापारा-राजिम। नवापारा शहर में हरेक चौक-चौराहो में बड़ा-बड़ा पंडाल लगाया गया है। मां दुर्गा की बहुत ही खूबसूरत प्रतिमा स्थापित की गई है। सुबह-शाम पूजा में पारा-मुहल्ले के लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे है। शारदा चौक, गोड़पारा, किसान पारा में जय मां शारदा दुर्गोत्सव समिति कुम्हार पारा में महाशक्ति दुर्गोत्सव समिति, स्टेशन पारा अंबे चौक में दुर्गा उत्सव समिति, इंदिरा मार्केट में नवजागरण दुर्गोत्सव समिति, घटोरिया पारा में नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, सोमवारी बाजार में त्रिवेणी संगम दुर्गोत्सव समिति, सोनकर पारा में जय मां दंतेश्वरी दुर्गोत्सव समिति द्वारा भव्य प्रतिमा स्थापित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### शाला भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन



**मुडागांव(कोरासी)।** प्राथमिक विद्यालय विद्या मंदिर लोहझर में रविवार को शाला भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य क्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यष्पेंन्द्र शाह संरक्षक एवं दान दाता राजमहल छुरा, अध्यक्षता ईश्वर साहू अध्यक्ष विद्या मंदिर लोहझर, विशेष अतिथि सुकबती तांडे जनपद सदस्य, मंजू ध्रुव सरपंच ग्राम पंचायत लोहझर, विशिष्ट अतिथि भानु भारद्वाज, रूप कुमार चंद्राकर के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में विद्यामन्दिर के सदस्य गण ग्राम के पंच गण एवम ग्रामवासी जगन्नाथ पटेल, पुरषोत्तम गोस्वामी, दिलीप कुमार सूर्यवंशी, रेखराम बंदे, तुलस राम निषाद, उमा ध्रुव, दुर्गा प्रसाद यादव, परमेश्वर यादव, खम्मन सिंह, खेमलाल चक्रधारी, तिलक राम साहू, भानु प्रताप ठाकुर, मनीराम ध्रुव, तोरण बंजारे, धरमदास बंदे, जितेन्द्र कुमार यदु, केजाबाई ठाकुर, विनीता साहू, राधिका निषाद भोजन कुमार पटेल , राधेश्याम साहू, भूपेश यदु, गायत्री निर्मलकर के साथ साथ विद्यालय के शिक्षक और बच्चे उपस्थित रहे कार्यक्रम संचालन प्रधान पाठक विद्या मंदिर ने की।

### मोहंदी बेलर में माता दुर्गा के 51 स्वरूपों की झांकी सजी



**अभनपुर।** ग्राम बेलर (मोहंदी) में सूर्या युवा दुर्गोत्सव समिति द्वारा गांव के मुख्य चौक मेमाता दुर्गा की 51 स्वरूपों का स्थापना किया गया है जिसमे झांकी स्वरूप विभिन्न देवी देवताओं के प्रतिमाये शामिल है जिसके दर्शन के लिए अंचल सहित दूर दराज के लोग बड़ी संख्या मे पहुंच रहे है। पंडाल स्थल मे प्रतिदिन माता रानी की विशेष सेवा भजन की जाती है जिससे वातारण मार्मिक हो जाती है। माता के दर्शन लाभ के लिए पहुंचे जिला साहू संघ युवा प्रकोष्ठ कार्यकारी अध्यक्ष नेहरू साहू ने कहा कि सृष्टि के कण-कण करने मां जगदंबा विराजमान है माता अपने भक्तजनों को विपत्ति से बचाने के लिए अनेक दिव्य रूप में धारण कर सदैव रक्षा करती हैं। उन्होने कहा कि भक्ति और अध्यात्म मनुष्य के अंदर नव चेतना जागृत करता है जो स्व उत्थान एवं राष्ट्र निर्माण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दौरान अनिल साहू, खेमचंद साहू, गोविंद राम साहू, लिंगेश्वर रिगरी, राजू पाल, मुकेश यदु, गोविंदा साहू, दानेश्वर शर्मा, मनोज पाल ,मिलन पाल, खुमेश यदु, बालमुकुंद यदु ,राधेश्याम रिगरी, राहुल रिगरी, डीगेद्र यदु, श्री राम यादव, रोशन साहू, गणेश्वर यदु, सोनू सेन, टाकेश्वर निर्मलकर व अन्य भक्तजन मौजूद रहे।




### समस्या : ग्राम नागेश व करलाझर के ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे

# पेयजल उपलब्ध कराने के नाम पर लाखों रुपए फूंके पर एक बूंद भी नहीं मिला पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 34 किमी दूर उदंती अभ्यारण के भीतर बसे ग्राम नागेश करलाझर आजादी के सात दशक बाद भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओ के लिए तरस रहा है। अब तक इस गांव में पहुंचने के लिए पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो पाया है। ग्रामीणों के द्वारा कई बार सड़क निर्माण की मांग को लेकर आंदोलन तक कर चुके हैं हर बार टाईगर रिजर्व उदंती अभ्यारण्य क्षेत्र होने के हवाला देते हुए कार्य नहीं होने दिया जाता जिसके चलते गांव तक पक्की सड़क नहीं बन पाया है। स्वास्थ्य सुविधा के नाम पर कुछ भी नहीं है बिजली आज तक नहीं लगी है और तो और गांव में जो स्कूल भवन है वह काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है, ग्रामीणों द्वारा कई बार जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत की मांग को लेकर आवेदन निवेदन कर थक चुके है, गांव के लोगों को राशन लेने मीलो पैदल या सायकिल में दूसरे गांव जाना पड़ता है। इस गांव की जनसंख्या लगभग 800 के आसपास है। ग्रामीण फूलबाहरा,डोमार सिंह,रतिराम,बैजनाथ ने बताया बम्हनीझोला से नागेश करलाझर, कोदोमाली तक पक्की सड़क निर्माण की मांग कई बार किया जा चुका है क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा नहीं है स्कूल भवनों की हालत बेहद खराब है लेकिन हमारी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है।



#### नाले, झरिया और कुंए का पानी पीना है मजबूरी

ग्राम नागेश एवं करलाझर में पेयजल के नाम पर पीएचई विभाग एवं क्रेड़ा विभाग द्वारा लाखा रूपयें खर्च किया गया है। लेकिन नागेश में अब तक पानी की टंकी प्रारंभ नहीं हुआ है जिसके कारण ग्रामीणों को अभी भी नदी नाले झरीया और कुंए का पानी पीना पड़ रहा हैं। कई बार पानी टंकी को प्रारंभ कराने का मांग कर चूके हैं लेकिन इस अब तक नागेश के पानी टंकी का प्रारंभ नहीं किया गया है जिसके कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गरियाबंद कलेक्टर दीपक अग्रवाल से मांग किया है कि पानी टंकी को तत्काल प्रारंभ करवाने निर्देश दिया जाए साथ ही गांव में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है।




#### सौर सिस्टम को सुधारने विभाग नहीं ले रहा रुचि

करलाझर नागेश के ग्रामीण बासोराम, भजनसिंग, गणेशराम, श्रीमति कौशिल्या ने बताया गांव में छः माह से सौर ऊर्जा सिस्टम कंडम हो गया है यहां सौर ऊर्जा इनवाईटर को मरम्मत के बाद से सही काम नहीं कर रहा है जिसके चलते यह गांव शाम होते ही पूरी तरह अंधेरे में डूब जाता है कई बार ग्रामीणों ने सौर ऊर्जा सिस्टम में सुधार करनवाने की मांग करते थक चुके है लेकिन इस ओर क्रेडा विभाग के अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणो ने बताया स्कूली बच्चो को लालटेन की रौशनी मे पढ़ाई करना पड़ रहा है और ग्रामीण रात को घनघोर अंधेरे मे अलाव जलाकर रात के अंधेरे से लड़ रहे है। वनाचंल क्षेत्र होने के कारण हमेशा जंगली जीव जंतु का डर बना रहता है, ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से मांग किया है जल्द से जल्द सौर ऊर्जा सिस्टम मे सुधार किया जाये साथ ही गांव मे मूलभूत बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये। ग्रामीणों ने कहा एक तरफ सरकार गांव तक बिजली नहीं लगा रही है दूसरी ओर सौर ऊर्जा सिस्टम का भी लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है।

## प्रदेश प्रवक्ता संदीप पहुंचे कोपरा बनाया मदन को भाजपा सदस्य




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

रविवार को शुरू हुए भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत हर बूथ में एक कार्यकर्ता को भेजा गया था जिसके अंतर्गत बूथ क्रमांक 204 एवं 205 में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता किसान नेता संदीप शर्मा कोपरा पहुंचे। श्री शर्मा इस बूथ में घर-घर जाकर सदस्य बनाया। एक विज्ञप्ति में भाजपा द्वारा बताया गया कि सदस्यता अभियान के अंतर्गत जिनके पास मोबाइल फोन नही है उन्हें ऑफलाइन सदस्य बनाया गया एवं उनके सदस्यता फार्म भरकर सदस्य बनने वाले सदस्य से सहमति लिया गया। ऑनलाइन सदस्य भी बनाए गए। जिसमें भाजपा के जनसंघ जमाने के कार्यकर्ता 74 वर्षीय मदन साहू को ऑनलाइन सदस्य बनाया गया, इनके अतिरिक्त अश्वनी साहू, टिमेश्वरी, कुमारी सपना, रामाधार, सकुन बाई, धनीराम साहू, बंधु पटेल, रामेश्वरी पाल, गोविंद ध्रुव, सहित कईयों लोगो को भाजपा का सदस्य बनाया गया। दी गई जानकारी के मुताबिक श्री शर्मा के अगुवाई में चलाए गए अभियान में नगर पंचायत अध्यक्ष नोगेश्वर साहू, बूथ अध्यक्ष विद्या साहू, बूथ सचिव संजय साहू, पार्षद नंदू सिन्हा, महेश साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता ताराचंद सेन, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के मंडल महामंत्री अश्वनी साहू सहित अनेको कार्यकर्ता अभियान में शामिल थे।

## पूजा व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

शारदीय नवरात्र के अवसर पर दुर्गा पूजा स्थल में जहां आरती एवं मंत्रोच्चार से पूजा हो रही है। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी हो रहा हैं। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, नेता सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। ग्राम सेंदर शिव चौक प्रतिदिन चल रहे कार्यक्रम में शनिवार को दुर्गा पूजा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्यातिथि भाजपा जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा मनीष हरित, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजु साहू, भाजपा जिला किसान संगठन भुनेश्वर साहू चैतरा, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार, अध्यक्ष शिक्षा समिति विद्या मंदिर सेंदर रामु राम



साहू, मंच संचालक व हाई स्कूल अध्यक्ष जनक राम साहू थे। मुख्य अतिथि मनीष हरित ने कहा की पवित्र नवरात्रि पर्व में माता नवदुर्गा की विशेष पूजा साधना के दौरान जब साधक उपासक से तल्लीनता में समग्रता के साथ ध्यानावस्था में करता है तो आध्यात्मिक ऊर्जा का एक पहलू वर्तुल सामने आता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजू साहू ने कहा की दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हरने वाली होता है। सनातनी में नवरात्रि पर्व एक महत्वपूर्ण व प्रमुख त्योहार है। गोंत्सव समिति शिव चौक में व्यवस्था सहयोगी तुलस वर्मा, तुलसी साहू, परमा,नोश गोलू साहू, धर्मेन्द्र साहू, चिंता राम, मोहन साहू, पंडा पुजारी कीर्तन साहू , पुरुषोत्तम साहू है।

### चित्रकला में भूमिका व अनुच्छेद पठन में शेख प्रथम

**नर्रा।** ग्राम नर्रा के शासकीय बालक व कन्या प्राथमिक शाला में बैगलेस डे के अवसर पर चित्रकला व अनुच्छेद पठन प्रतियोगिता आयोजित की गई। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा पांचवीं की भूमिका निषाद प्रथम स्थान पर रही। कहते हैं दिव्यांगजनों को ईश्वर विशेष प्रतिभा देते हैं। ज्ञात हो कि भूमिका मूकबधिर दिव्यांग है। पोमेंश्वरी बेलदार, ज्योति निषाद कक्षा पांचवीं ने द्वितीय व हेमकुमारी कक्षा चौथी ने तृतीय स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार कक्षा तृतीय के लिए अनुच्छेद पठन प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें धारा प्रवाह पढ़ने पर प्रथम स्थान शेख अमान, कनीशा यादव व ताहिरा बानो द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेताओं को श्रवण कुमार ठाकुर प्रधान पाठक, नोमेंश कुमार यदु शिक्षक, मनीष कुमार यादव सहायक शिक्षक के हाथों लेखन सामग्री से बच्चों को सम्मानित किया गया।


### देवी दर्शन कर मनौती पूर्ण करने पूजा कर रहे श्रद्धालु

# जटयाई मंदिर में जल रहे आस्था की 310 ज्योति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के प्रसिद्ध पहाड़वाली जटयाई माता के मंदिर में प्रतिवर्षानुसार शारदीय नवरात्रि प्रारंभ होने के साथ 7 अक्टूबर को पंचमी के पवन पर्व पर राजिम विधायक रोहित साहू आज माता के दरबार में दर्शन करने पहुंचेंगे। श्रद्धालुओं द्वारा 310 मनोकामना ज्योति कलश जलाई गई है। माता सेवक पहले ही दिन से माता के जसगान में जुट गए हैं। देवी मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तजन क़तार में खड़े होकर माता का दर्शन कर रहे हैं। क्षेत्र में जटयाई माता श्रद्धा का केंद्र है। आसपास के ग्रामों से सैकड़ों श्रद्धालु ट्रेक्टर एवं अन्य वाहनों से माता दर्शन करने पहुंच रहे हैं, देवी दर्शन कर





अपनी मनौती पूर्ण करने हेतु पूजा अर्चना कर रहे हैं। पगडंडी रास्ते से चलकर मां जटयाई का दर्शन किया जाता है। ज्ञात हो कि पहाड़ी के ऊपर पानी और कई चीज की समस्याओं को देखते हुए समिति द्वारा पहाड़ के नीचे ही माता जटयाई की कलश स्थापना कर विधिवत पूजा अर्चना किया जाता है। इस समिति के अध्यक्ष तिहार सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष गोपी राम नागेश, अलाराम नागेश, पुजारी प्रहलाद सिंह नेताम,देवसिग, हरिराम ध्रुवा, सेवक राम ठाकुर,बिसेठाकुर,नेतुराम नेताम, तिहार सिंह मरकाम, चिन्ता राम सिन्हा सहित सभी जुटे हुए हैं। इस समिति में जुड़े ग्राम जठियातोरा, सेदबाहरा, सेम्हरा,टोनहीडबरी, रक्सी, मातरबाहरा,नवाडीहि, कनसिघी, दादरगाव नया, पलेमा, कोडामाल, कोठी गांव, मलियार, थोहापानी, सराईपाली, भरूवामुडा, कलमीडीहि, कामराज, पेंड्रा,गोनबोरा, निसेनीदादर, सिवनी, देवरी, विजयपुर, राजपुर, सेहरापानी, कांटाखुसरी, नवाडीहि, सुखरूपाली, छत्तरपुर सहित इन सभी ग्रामों के लोग इस समिति का संचालन किया जा रहा है।

## कोमा में विराजी मां दुर्गा







**राजिम।** राजिम के कोमा गांव में दुर्गोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। यहां दुर्गा चौक स्कूल पारा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पारा, बजरंग चौक एवं डोभा पारा में भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है। शाम होते ही पंडालों में पूजा और आरती में शामिल होने वालों की भीड़ लग जाती है।



**पाण्डुका।** दुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड ग्राम पोड़



**पाण्डुका।** नवयुवक दुर्गाउत्सव समिति डोंगरी पारा ग्राम पोड़

